दिनांक–28.04.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- **प्रदेश मे तीसरे और चौथे चरण में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए प्रयास जारी।**
- **लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार चरम पर। भाजपा कांग्रेस सही सभी दल जुटे प्रचार में।**
- **प्रदेश में 11 मई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन।**
- **प्रदेश में कई स्थानों पर आज बारिश के आसार खण्डवा और छिंदवाड़ा में हुई तेज बारिश।**

**बूथ अभियान**

**प्रदेश में तीसरे और चौथे चरण का मतदान 7 मई और 13 मई को होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने चलें बूथ की ओर अभियान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने यह निर्देश संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये हैं। श्री राजन ने कहा कि तीसरे चरण के लिये यह अभियान एक मई एवं चौथे चरण के लिये 7 मई को चलाया जाएगा। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अन्य आयोजन भी करें। तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके अंतर्गत आने वाले 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। चौथे चरण में प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।**

**मतदाता जागरुकता**

**प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम भी लगातार जारी है। भोपाल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए दस नंबर स्थित राग भोपाली में ट्रांसज़ेंडर्स फ़ैशन शो का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में रैंप पर ट्रांसजेंडर्स के द्वारा विभिन्न आकर्षक परिधान में वॉक कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।**

खंडवा नगर निगम की स्वच्छता मित्र महिलाओं ने कल सी.एम.राइज़ विद्यालय आनंद नगर मे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मेहंदी लगाकर लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान किए जाने का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता को लेकर आगरमालवा जिले में प्रतिदिन विविध स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कल पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नागरिकों को जागरूक करते हुए मतदान की शपथ ली गई।

मंदसौर में लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 2 मई को कॉलेज ग्राउण्ड मे बॉलीवाल प्रतियोगिता एवं 3 व 4 मई को क्रिकेट प्रतियोगिता नूतन स्टेडियम मंदसौर में आयोजित की जाएगी।

ग्वालियर में कल सुबह थीम रोड कटोराताल पर स्वीप के तहत "चुनावी राहगीरी" के आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक, बौद्धिक, रचनात्मक व कलात्मक कार्यक्रम एवं पारंपरिक व रोमांचकारी खेलों की प्रस्तुतियां दी गई।

चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए इन दिनों प्रचार चरण पर है आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बैतूल, देवास, राजगढ़ और भोपाल में चुनाव प्रचार करेंगे वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ग्वालियर, मुरैना और गुना, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर में विभिन्न प्रचार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस बीच कांग्रेस भी प्रचार प्रसार भी जुटी हुई है कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव , पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह एवं विधायक हेमंत कटारे ने भिंड लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में भिंड में आयोजित जनसभा में शामिल हुए।

घर से मतदान

प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। इसके पूर्व भोपाल लोकसभा क्षेत्र की सातो विधानसभाओं में 85 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं से घर से वोट डालने की सुविधा दी जा रही है। इनके मतदान के लिए 26 एवं 27 अप्रैल को मतदान की व्यवस्था की गई। कुल 1665 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।

संसदीय सीट गुना एवं राजगढ़ से संबंधित विधानसभाओं के लिए 07 मई को मतदान होना है। इसके पूर्व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सहमति दी है, उनका मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग द्वारा आज से प्रारम्भ कराया जा रहा है। जिले की चारों विधानसभाओं के ऐसे कुल 521 मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से गठित मतदान दलों द्वारा दो चरणों में घर जाकर कराया जायेगा।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

नेशनल लोक अदालत

प्रदेश में नेशनल लोक अदालत 11 मई को हाई कोर्ट परिसर जबलपुर और ग्वालियर, इंदौर बैंच में आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवाद, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान , वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले , भूमि अधिग्रहण संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को खंडवा, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। बैतूल और बुरहानपुर में आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं, खंडवा में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार, वातावरण से नमी कम होने के कारण प्रदेश के अधिकतर जिलों में आंशिक बादल बने हुए हैं। आने वाले दिनों में वातावरण से नमी कम होने के कारण अधिकतर जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगेगी। कल प्रदेश में सबसे अधिक 42 डिग्री सेल्सियस तापमान सीधी में रिकार्ड किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल कलेक्टर की उपस्थिति में अतिरिक्त ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कल संपन्न हुआ। इस दौरान कई अधिकारियों सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आज द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जायेगा।
- इन्दौर जिले में पशुपालन एवं डेयरी विभाग और जिला पशु क्रूरता निवारण समिति द्वारा भार वाहक पशु मालिकों से अपील की गई है कि गर्मियों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच एवं तापमान का ध्यान रखते हुए पशुओं से सेवा नहीं लेवें।
- इंदौर जिले में अभियान चलाकर 390 अनुपयोगी सूखे बोरवेल बंद करवाये गये है। 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्रो में निरीक्षण में 390 सूखे बोरवेल खुले पाये गये। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अब खुले बोरवेल को सुरक्षित करवाने संबंधी प्रमाण पत्र सभी ग्राम पंचायतो से प्राप्त करें।
- धार लोकसभा हेतू नियुक्त माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आज शासकीय स्नाकोत्तर महाविध्यालय धार के आडोटोरियम हॉल में रखा गया है। विधानसभावार मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण 30 अप्रैल, एक मई, 2 मई एवं 3 मई को होगा।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

मतदाता जागरुकता (1)

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम भी लगातार जारी है। भोपाल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए दस नंबर स्थित राग भोपाली में ट्रांसज़ेंडर्स फ़ैशन शो का

आयोजन किया गया। इस फैशन शो में रैंप पर ट्रांसजेंडर्स के द्वारा विभिन्न आकर्षक परिधान में वॉक कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

खंडवा नगर निगम की स्वच्छता मित्र महिलाओं ने कल सी.एम.राइज़ विद्यालय आनंद नगर मे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मेहंदी लगाकर लोकसभा निर्वाचन के मतदान दिवस पर अधिक से अधिक मतदान किए जाने का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता को लेकर आगरमालवा जिले में प्रतिदिन विविध स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कल पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा हाथों में मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नागरिकों को जागरूक करते हुए मतदान की शपथ ली गई।

मंदसौर में लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम 30 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 2 मई को कॉलेज ग्राउण्ड मे बॉलीवाल प्रतियोगिता एवं 3 व 4 मई को क्रिकेट प्रतियोगिता नूतन स्टेडियम मंदसौर में आयोजित की जाएगी।

ग्वालियर में कल सुबह थीम रोड कटोराताल पर स्वीप के तहत “चुनावी राहगीरी” के आयोजन किया गया। इसमें सांस्कृतिक, बौद्धिक, रचनात्मक व कलात्मक कार्यक्रम एवं पारंपरिक व रोमांचकारी खेलों की प्रस्तुतियां दी गई।

घर से मतदान (2)

प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। इसके पूर्व भोपाल लोकसभा क्षेत्र की सातो विधानसभाओं में 85 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं से घर से वोट डालने की सुविधा दी जा रही है। इनके मतदान के लिए 26 एवं 27 अप्रैल को मतदान की व्यवस्था की गई। कुल 1665 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।

संसदीय सीट गुना एवं राजगढ़ से संबंधित विधानसभाओं के लिए 07 मई को मतदान होना है। इसके पूर्व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जिन्होंने घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सहमति दी है, उनका मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग द्वारा आज से प्रारम्भ कराया जा रहा है। जिले की चारों विधानसभाओं के ऐसे कुल 521 मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्यम से गठित मतदान दलों द्वारा दो चरणों में घर जाकर कराया जायेगा।

**नेशनल लोक अदालत (3)**

प्रदेश में नेशनल लोक अदालत 11 मई को हाई कोर्ट परिसर जबलपुर और ग्वालियर, इंदौर बैंच में आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवाद, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान , वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले , भूमि अधिग्रहण संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

**मौसम (4)**

प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को खंडवा, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। बैतूल और बुरहानपुर में आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं, खंडवा में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार, वातावरण से नमी कम होने के कारण प्रदेश के अधिकतर जिलों में आंशिक बादल बने हुए हैं। आने वाले दिनों में वातावरण से नमी कम होने के कारण अधिकतर जिलों में तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगेगी। कल प्रदेश में सबसे अधिक 42 डिग्री सेल्सियस तापमान सीधी में रिकार्ड किया गया।

-------------------------------